# स्कूल के सामने बिजली के तार टूटे, बड़ा हादसा होने से टला

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर की सोफिया स्कूल के सामने मंगलवार दोपहर को बिजली लाइन में फाल्ट आने से बिजली के तार टूटकर गिर गए। बिजली के तार टूटकर बच्चों को लेने के लिए आए वाहनों पर गिर गए। इस दौरान वाहनों में बच्चे नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

शारीरिक शिक्षक नरेश कुमार ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे स्कूल की छुट्टी होने वाली थी। इस दौरान बच्चों को लेने के लिए वाहन आकर स्कूल के बाहर खड़े थे। इसी दौरान स्कूल के

■ **हादसे के दौरान स्कूल की हुई थी छुट्टी, बच्चों को लेने आए वाहनों पर गिरे तार**



खेतड़ीनगर की सोफिया स्कूल के सामने बिजली लाइन में फाल्ट आने से बिजली के तार टूटकर गिर गए।

सामने से जा रही बिजली की लाइन में तेज धमाका होने के साथ ही बिजली लाइन के दो तार टूटकर स्कूल के वाहनों पर आ गिरे। इस दौरान लाइन टूटकर गिरने से वहां खड़े लोगों में अफरातफरी मच गई। जिस पर बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर बिजली सप्लाई को बंद करवाया गया। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद यदि यह घटना होती तो बच्चे करंट की चपेट में आ सकते थे, लेकिन गनीमत रही की स्कूल के बाहर खड़े वाहनों में बच्चे नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई।

नरेश कुमार ने बताया कि स्कूल के सामने बरसात के पानी की निकासी नहीं होने के कारण आए दिन पानी का भराव होने के कारण बच्चों व अभिभावकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के आगे पानी के भराव को लेकर हो रही समस्या को लेकर ग्रामीणों की ओर से कई बार प्रशासन को अवगत भी करवाया जा चुका है। इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से मामले में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही, जिसके चलते बच्चों को रोजाना गंदे पानी से ही होकर गुजरना पड़ रहा है। इसके अलावा मुख्य रास्ते में गंदा पानी जमा होने से आवासीय कालोनी में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या का जल्द समाधान करने की मांग भी की है। बिजली विभाग के कर्मचारी रामावतार ने बताया कि बिजली लाइन में फाल्ट आने से तार टूटकर गिर गए, जिसको जल्द ही ठीक कर बिजली सप्लाई सुचारू रूप से की जाएगी।

## कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर की हत्या का झुंझुनूं में विरोध

**झुंझुनूं,** (निसं)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में आठ अगस्त को महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुराचार एवं उसके बाद उसकी नृशंस हत्या ने मानवता को शर्मसार किया है। इस घटना से संपूर्ण चिकित्सा जगत स्तब्ध है। य

यूनाइटेड प्राइवेट क्लीनिक एंड हॉस्पिटल एसोसिएशनऑफ राजस्थान (उपचार) इस घटना की घोर निंदा करता है। उपचार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कमलचंद सैनी के नेतृत्व में झुंझुनूं में पीड़िता के परिवार को न्याय एवं दोषियों को कठोरता कार्रवाई की मांग करते हुए चिकित्सक समुदाय ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। उपचार ने मांग की है कि इस घटना की जांच सीबीआई को सौंप जाए। दोषियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हो और इस केस की सुनवाई फास्ट ट्रेक अदालत के माध्यम से की जाए तथा प्रदेश में रेजीडेंट डॉक्टर के कार्य के घंटे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार निर्धारित किए जाए। इस दौरान डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. अरुण सुरा, डॉ. संजय फांडी, डॉ. उमराव कुलहरि, डॉ. अंकुर मील, डॉ. मुकेश बेनीवाल, डॉ. सुरेश रूलानिया, डॉ. संतोष ढाका, डॉ. जेपी बुगालिया, डॉ. जगदीशप्रसाद बुगालिया, डॉ. जेपी चौधरी, डॉ. राजीव कटारा, डॉ. कुंदन सैन, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. सहीराम, डॉ. हरलाल नेहरा, डॉ. विधान रावल, डॉ. जावेद, रशीद खान सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## विहिप के स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**सीकर,** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के सभी नौ प्रकल्पों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

विहिप जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मूंडरू ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम ने की। उन्होंने कहा कि विहिप स्थापना दिवस के उपलक्ष पर प्रत्येक प्रखंड की दस-दस ग्राम समितियों का गठन भी करना है। संगठन के स्थापना दिवस पर सम्पूर्ण समाज की सहभागिता हो इसके लिए प्रयास करना चाहिए। प्रांत मंत्री गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव गोलवलकर गुरुजी की इच्छानुसार दादासाहब आपटे ने देश भर के प्रमुख धर्माचार्यों, विचारकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क कार्य प्रारंभ किया और 30 अगस्त 1964 कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर पूज्य स्वामी चिन्मयानंद के आश्रम संदीपनी साधनालय पवई मुंबई में बैठक आयोजित की। इस बैठक में विविध संप्रदायों के संत हिंदुत्वनिष्ठ महानुभाव उपस्थित रहे थे। स्वामी चिन्मयानंद और राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज ने तारा सिंह (सिख) जैन संत सुशील मुनि, कन्हैयालाल मुंशी सहित 45 महानुभाव ने भाग लिया। इन सभी की उपस्थिति में भारत के और विदेशस्थ हिन्दुओं की समस्या सरकारी नीति के कारण हिंदुओं पर हो रहा अन्याय आदि विषयों पर चर्चा हुई।

## सार-समाचार

### 3 हजार छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली



**सीकर,** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान 2024 के तहत मंगलवार को लक्ष्मणगढ़, सीकर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर तिरंगा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा ऋषिकुल विद्यालय से मुरली मनोहर जी के मन्दिर होते हुए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पहुंची। शोभायात्रा में समस्त निजी विद्यालयों से 3 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान तहसीलदार फारूक अली खान, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन एवं भाजपा नेता दिनेश जोशी, समाजसेवी एवं शिक्षाविद नवरंग चौधरी, मधुसूदन दायमा, नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ व समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महाआरती एवं भजन संध्या आयोजित

**रतनगढ़,** (निसं)। शहर के पण्डितपुर रामेश्वरम शिवालय में भगवान भोलेनाथ की महाआरती एवं विराट भजनसंध्या का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें शिवालय पुजारी रामधन महर्षि के सानिध्य में समाजसेवी पवन तोषावड, मुरारीलाल पारीक एवं भाजपा नेता अरविन्द इन्दोरिया ने सामुहिक रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर महाआरती एवं भजनसंध्या का शुभारंभ किया। पुजारी रामधन महर्षि ने बताया कि शिवालय में एक माह से अनवरत रामचरित मानस का अखण्ड पाठ चल रहा, प्रतिदिन संध्या आरती होती एवं विभिन्न प्रकार के श्रंगार से भोलेनाथ को रिझाया जाता है। श्रावण मास के अवसर पर रात्रि भजन संध्या में भजन गायक राकेश भार्गव ने गणेश वंदना की तत्पश्चात भजन गायकलाकर एस पी वर्मा, अरविन्द इन्दोरिया, गौभक्त शंकरलाल कम्मा, रेखाराम एवं संतलाल महर्षि ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पुजारी परिवार की तरफ से कांवड कमेटी प्रमुख घनश्याम पारीक द्वारा सभी गायक कलाकारों एवं विशिष्ठ आगन्तुकों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गर्या। इस अवसर पर पुजारी राजाराम महर्षि, प्रकाशचंद्र पारीक, शंकरलाल कम्मा आदि उपस्थित थे।

### शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। आजादी के महोत्सव के तहत जिले में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि 14 अगस्त को जिला स्तर पर शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा का आयोजन सुबह 11 बजे जेके मोदी बालिका राउमावि से शहीद स्मारक तक किया जाएगा। जिसमें स्काउट गाइड, रोवर रेंजर तथा विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। रैली का समापन शहिद स्मारक में होगा जहां पर शहीद वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा। इसी प्रकार शाम 4 बजे गौरव सैनानियों भूतपूर्व सैनिकों की ओर से तिरंगा रैली निकाली जाएगी। जो जिला मुख्यालय के जेके मोदी स्कूल से शहीद स्मारक तक आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, शहीद परिवारों एवं सैनिक संगठनों से अपील की है की रैली में भाग लेकर हर घर तिरंगा अभियान में अपना योगदान दें।

### घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी

**सीकर,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार राजकीय कॉमर्स कॉलेज सांवली सर्किल की प्राचार्या सुनीता पांडे के समन्वय से बालक- बालिकाओं को केंद्र प्रबंधक नीलम कुमारी द्वारा विभागीय योजनाओं, वन स्टॉप सेंटर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी गई। विधिक परामर्शदाता कृष्णा सोनी द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 से 74 पीड़ित महिला से संबंधित एवं जनहित याचिका से संबंधित जानकारियां दी गई। इस दौरान समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

### घर तिरंगा के तहत सजाई रंगोली



**मुकुंदगढ़,** (निसं)। नगरपालिका की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को रंगोली, तिरंगा यात्रा, तिरंगा वितरण व तिंरगे के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईओ प्रमोद कुमार जांगिड़ ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पालिका द्वारा अन्नपूर्णा रसोई, पुलिस थाना मुकुंदगढ़ व रेलवे स्टेशन मुकुंदगढ़ में रंगोली सजाकर आमजन को प्रेरित किया गया। इसके साथ ही वार्ड 3, 4, 5, 6, 9, 11, 14 में तिंरगे के साथ सेल्फी कार्यक्रम व नगर पालिका कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए गोपीनाथ मंदिर से वापस पालिका कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकालकर अभियान के लिए प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अलावा नगर पालिका द्वारा वार्ड नं. 9, 10, 11, 12, 15 में झंडे वितरित किए गए। कार्यक्रम में एसएचओ रमेश मीणा, कांस्टेबल राजकुमार, मुलतानाराम, रामप्रताप व सुमन, स्वयं सहायता समूह की रेणू वर्मा, किस्मत सैनी, सुनिता जांगिड़ व पालिका कार्यालय से नरेंद्रकुमार काला, कुंदनकुमार, महेंद्र सैनी, रविकरण, सचिन सैनी, रमेश कुमार, प्रेम कुमार, प्रेम सैनी, कृष्ण कुमार, ताराचंद, विद्याधर, सुभाष कुमावत, बिहारी मीणा, हरबंश नंदा, हारूण सिक्का समेत पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प

**सीकर,** (निसं)। हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर कमर चौधरी, उपखण्ड अधिकारी जय कौशिक के निर्देशानुसार नवलगढ़ रोड़ स्थित नायक शिवधाम में नायक विकास सेवा समिति द्वारा हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा फहराने के लिए समिति अध्यक्ष विनोद नायक ने कोचिंग छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों, गाड़ियों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। नायक ने राष्ट्रीय ध्वज के रखरखाव एवं प्रोटोकॉल की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में रोहित सैन, कविता सोनी, आशा नायक सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### सांसद ने की जनसुनवाई

**चूरू,** (निसं)। मंगलवार को सांसद राहुल कस्वां ने जिला मुख्यालय पर स्थित सांसद सेवा केन्द्र में जनसुनवाई की। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक सांसद ने संसदीय क्षेत्र की जनता के अभाव अभियोग सुने और मौके पर ही अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निराकरण किया। सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि अपनों के बीच रहकर उनकी रोजमर्रा की समस्याओं का निस्तारण करवाना हमेशा प्राथमिकता में रहा है। बिजली, पानी व सड़कों से जुड़ी बहुत सी समस्याएं आज भी सामने आई हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि जनहित्त की हर समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करवाएं।

### कॉलेज में 30 लाख का फर्नीचर दिया

**सुजानगढ़,** (कासं)। विधायक मनोज मेघवाल ने सांडवा में स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में विधायक कोष से 30 लाख रुपए का फर्नीचर विद्यार्थियों के लिए भेंट किया है। क्रय - विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष नरपत गोदारा ने बताया कि कॉलेज परिसर में अध्यनरत छात्राओं को बेहतर शैक्षिणक माहौल प्रदान करने के लिए 475 कुर्सी, 475 टेबल दी गई है। इसके अलावा नरपत गोदारा ने महाविद्यालय में 15 हजार रुपए की लागत से बोर्ड भेंट किए हैं। विधायक मेघवाल का नरपत गोदारा, महेश तिवाड़ी, जगदीश सारण, केशर जाखड़, सरपंच संजय परिहार व कॉलेज की स्टूडेंट्स ने आभार वयक्त किया है।

## कस्वां ने ओवरब्रिज निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**सादुलपुर,** (निसं)। सांसद राहुल कस्वां व पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने सादुलपुर शहर स्थित पिलानी फाटक पर बने रहे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे से ब्लॉक नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है। इस दौरान मौके पर ही सांसद राहुल कस्वां ने डीआरएम बीकानेर से फोन पर बात कर ब्लॉक दिलवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह ओवरब्रिज शहर की लाइफ लाइन है और ओवरब्रिज निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा किया जाना अति आवश्यक है अत: दोनों विभाग समन्वय स्थापित कर इस कार्य को पूरा करें।

साथ ही सांसद कस्वां व पूर्व विधायक कृष्णा पूनियां ने राष्ट्रीय राजमार्ग-52 से राष्ट्रीय राजमार्ग-709 तक नवनिर्मित बाईपास का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने अत्यधिक बारिश के चलते इस बाईपास के निर्माण कार्य के दौरान साईड में पड़े कटाव को ठीक करने सहित अन्य लम्बित कार्यों को अतिशीघ्र पूरा के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पत्रकार वार्ता में सांसद कस्वां ने बताया कि लगभग 36 करोड़

■ **पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया व अधिकारी रहे उपस्थित**

रू. की लागत से यह ओवरब्रिज बन रहा है जो शहर के विकास को नई दिशा देगा। वर्तमान में रेलवे से ब्लॉक नहीं मिलने से निर्माण कार्य अधर में है, अत: हमने आज डीआरएम महोदय से बात की है और विभागीय समन्वय स्थापित कर अतिशीघ्र ब्लॉक देने के लिए कहा है। साथ ही बाईपास निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अत्यधिक बारिश के चलते साईड में कटाव की समस्या आई है अत: मौके पर अधिकारीयों को निर्देशित किया है कि जल्द इसको दुरुस्त किया जाए।

पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां ने कहा कि ये दोनों प्रौजेक्ट शहर के लिये बहुपयोगी हैं। इनका जल्द निर्माण कार्य पूरा होने से आमजन को बहुत लाभ मिलेगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पूनियां, समाजसेवी अब्बास कुरैशी, राजेश बैरासरिया सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीकर प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण 15 को

**सीकर,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर हाल ही में नगर परिषद की ओर से सीकर के पत्रकारों को दिए जाने वाले बेहतरीन प्रेस क्लब भवन के तोहफे को लेकर आज सीकर के पत्रकारों ने देवीपुरा बालाजी धाम में बैठक आयोजित कर नगर परिषद का आभार जताया। सीकर प्रेस क्लब भवन का 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दोपहर 1:15 बजे समारोह के अतिथियों की ओर से उद्घाटन किया जाएगा। प्रेस क्लब भवन का उद्घाटन राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद अमराराम, शहर विधायक एवं पूर्व काबिना मंत्री राजेंद्र पारीक एवं सभापति जीवन खां विधिवत रूप से फीता काटकर करेंगे। उद्घाटन समारोह को लेकर आज देवीपुरा बालाजी धाम में पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पत्रकारों ने नगर परिषद का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से सीकर के पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब भवन जरूरी था जो नगर परिषद ने बेहतरीन तोहफे के रूप में शहर के सबसे व्यस्तम इलाके बजाज सर्किल पर एक प्रेस क्लब भवन बनाकर दिया है।

## हरि कीर्तन के साथ गूंजे देशभक्ति के तराने

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर में प्रभात फेरी तो रोज निकलती है। लेकिन आज की प्रभात फेरी देशभक्ति के नाम रही। श्री हरि नाम प्रभात फेरी की ओर से सुबह साढ़े पांच बजे प्रभात फेरी रवाना हुई।

एसडीएम बृजेश गुप्ता ने तिरंगा प्रभात फेरी को रवाना किया और खुद भी इसमें शामिल हुए। सबसे आगे घोड़ी पर गौरक्षा दल के बाबूसिंह राजपुरोहित चल रहे थे। इसके पीछे छोटी इलेक्ट्रिक गाड़ी में भारत माता बनी श्रेष्ठा सोनी हाथों में तिरंगा झंडा लिए चल रही थी। वहीं पीछे महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु भी आज तिरंगा लिए हरि कीर्तन करते हुए और देश भक्ति के गीत गाते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी मुख्य बाजार स्थित कल्याण राय मंदिर से रवाना हुई और पुलिस थाना मार्ग, विवेकानंद चौक, पुरानी तहसील रोड, पुराना वर्मा टाकीज वाली गली, ज्ञान सिंधु स्कूल के पास से महाकालेश्वर मंदिर, उप जिला अस्पताल के सामने से कबूतरखाना बस स्टैंड स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर पहुंची। वहां दर्शन के बाद



चिड़ावा में प्रभात फेरी के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा प्रभात फेरी पुरानी तहसील रोड, शिव मार्केट, पुराना पोस्ट ऑफिस के पास से कोर्ट रोड होते हुए विवेकानंद चौक से मुख्य बाजार पहुंची। जहां पर राष्ट्रगान के साथ प्रभात फेरी का विधिवत विसर्जन हुआ। अध्यक्ष देवानंद चौधरी ने सभी का आभार जताया। प्रभात फेरी में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष शंकरलाल वर्मा, रामचंद्र शर्मा, प्रोफेसर केएम मोदी, अनीता मोदी, डॉ. एलके शर्मा, महेश शर्मा धन्ना, सुभाष पंवार, प्रदीप सोनी, कविता सोनी, कन्हैया लाल लाठ, सांवरमल पारीक, रोहिताश्व कुमार, अशोक शर्मा, अभिषेक पारीक, अशोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।

## बाबा गंगाराम जयंती मेला कल

**झुंझुनूं,** (निसं)। बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर में गुरुवार को श्री बाबा गंगाराम का पावन जयंती मेला धूमधाम से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। महोत्सव में सम्मलित होने के लिए देश के विभिन्न भागों से प्रवासी भक्तगण भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे रहे हैं। महोत्सव के तहत शाम चार बजे से श्री पंचदेव मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या होगी। जिसमें कोलकाता के लोकप्रिय कलाकार सौरभ मधुकर, नवीन जोशी एवं करिश्मा चावला संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

सावन महीने के अनुरूप रंग-बिरंगे फूलों के साथ झूले की झांकी सजाई गई है। इस बार सफेद संगमरमर से नवनिर्मित आशीर्वाद मंदिर विशेष आकर्षण सजावट की गई है। कोलकाता के कारीगरों द्वारा दरबार में फूलों

■ **नवनिर्मित आशीर्वाद मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, सजेगी मथुरा की स्वचालित झांकियां**

की सजावट की गई है। मथुरा की धार्मिक स्वचालित झांकियां भी सजाई गई हैं। मेले का प्रारंभ सुबह 4 बजे महामंगला आरती से होगा। जिसके बाद सुबह 8 बजे से विश्व शांति के लिए सामूहिक संगीतमय बाबा गंगाराम अमृतवाणी पाठ ट्रस्टी अनिल मोदी के सानिध्य में होगा। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष भाग लेंगे एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर के पट कल पूरे दिन खुले रहेंगे एवं दर्शन-पूजन का सिलसिला सारे दिन चलेगा। मेले में कार्यक्रमों की शृंखला में मंदिर परिसर में विशाल भजन-संध्या, संगीतमय सामूहिक-पाठ, नृत्य-नाटिकाएं, अभिषेक, मनोहारी पुष्प-शृंगार, झूलनोत्सव, महाआरती, जन्मोत्सव, दर्शन-पूजन, छप्पन-भोग एवं बधाई- उत्सव सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झुंझुनूं के साथ ही देश के अन्य कई शहरों में भी बाबा गंगाराम जयंती महोत्सव के भव्य आयोजन होंगे। प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल दशमी को बाबा गंगाराम के जन्मोत्सव पर्व पर आयोजित होने वाले उक्त समारोह में बाबा के भक्तगण बड़ी संख्या में यहां आते हैं। श्रद्धालुगण दरबार में मनौतियां मानते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। बाबा गंगाराम सेवा समिति द्वारा महोत्सव की व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है।

## शव की तीन दिन बाद भी नहीं हुई शिनाख्त

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना इलाके के बनवास की पहाड़ियों में मिले एक व्यक्ति के शव की तीन दिन बाद भी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस की ओर से बुधवार को पोस्टमार्टम करवा कर नगरपालिका द्वारा अंतिम संस्कार करवाया जाएगा।

थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि रविवार शाम को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अधीन आने वाले गांव बनवास की पहाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पर थानाधिकारी मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे, जहां जांच के दौरान देखने से लेबर क्लास व्यक्ति लगता है तथा लाश तीन-चार दिन पुरानी होना पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर खेतड़ीनगर के केसीसी अस्पताल की मोर्चरी में शव को रखवाया था। इस पर डीएसपी नोपाराम भाकर व थानाधिकारी कैलाश चंद मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

## जाट समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**चूरू,** (निसं)। जाट समाज ने संयुक्त जाट महासभा के तत्वावधान में जाट समाज पर बणीर छात्रावास की सोशल आई डी से लगातार अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के विरोध में जिला कलेक्टर चुरू, पुलिस अधीक्षक चुरू व मुख्यमंत्री राजस्थान को ज्ञापन सौपकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि बणीर छात्रावास की सोशल आई डी से लगातार जाट समाज पर गलत टिप्पणीयां की जा रही हैं। हद तब हो गई जब ओलम्पियन पहलवान विनेश फोगाट ने जापान की लगातार पांच बार की ओलंपिक विजेता को हराकर दुनिया में भारत का नाम रोशन किया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों की वजह से ओलंपिक से बाहर निकलते ही समाज विशेष के लोगों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणीयां की जो समाज और देश के लिए शर्मनाक है।

उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि चारण समाज के प्रतापदान के सुसाईड मामले में इस सोशल आई डी से जाट समाज को बदनाम किया।

जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्कं ने बताया कि अमेरिका को अमरू जाट ने बसाया, चूरू के संस्थापक चूहरू जाट को चूहडा

■ **जाट समाज पर अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणीयां करने का विरोध**

जैसे अभद्र नाम से संबोधित किया है जो बहुत ही गलत है।

जाट विकास संस्थान के अध्यक्ष डाक्टर बी के चौधरी ने बताया कि बणीर छात्रावास की सोशल आई डी से जाट समाज को नशे का कारोबारी बताना बड़ा ही वेदनापूर्ण है। जाट कीर्ति संस्थान के अध्यक्ष पूर्व प्राचार्य हनुमानाराम इसराण ने बताया कि बणीर छात्रावास की सोशल आई डी से मुस्लिम समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जाट समाज निगल रहा है जो सामाजिक समरसता को खत्म करने वाला है।

ज्ञापन देने वालों में युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणजीत कडवासर, देवकरण रणवाँ, साँवरमल बुडानिया, धर्मपाल सहारण, राजू बलारा, हरफूलसिंह, प्रतापसिंह, शिक्षक संघ के नेता भँवरलाल कस्वाँ, रामावतार भाम्बू, विजयपाल लाम्बा, प्रताप ईसराण बी के यू तहसील अध्यक्ष तेजकरण दहिया, यशपाल रणवाँ, जयचन्द्र दहिया, रमेश, सचिन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## 330 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली रैली

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा शहर इन दिनों देशभक्ति और तिरंगे में रंगा नजर आ रहा है। जहां युवाओं और महिलाओं में जोश नजर आ रहा है। वहीं पूर्व सैनिक भी कहां पीछे रहने वाले थे उन्होंने भी आज तिरंगा रैली निकाली। सूरजगढ़ रोड पर एसडीएम बृजेश गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह माठ और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार जांगिड़ ने रैली को रवाना किया। इस दौरान भारत माता के जयकारों से इलाका गूंज उठा। इस दौरान रिटायर्ड सैनिक अपनी बटालियन की कैप लगाकर रैली में शाम हुए। 330 फीट लंबे तिरंगे को पूर्व सैनिकों और गणमनायजनों ने दोनों तरफ हाथों से पकड़ा हुआ था। तिरंगा यात्रा सूरजगढ़ रोड से खेतड़ी रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड, स्टेशन रोड पर पंचायत समिति, डालमिया खेलकूद मैदान के सामने से होते हुए नया बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी पहुंचकर विसर्जित हुई। गौरव सेनानी सेवा समिति अध्यक्ष शीशराम डांगी के नेतृत्व में निकाली गई रैली में सीपीओ बसंता राम, रिटायर्ड सूबेदार सत्यपाल सिंह नरूका, अमर सिंह खींची, सूबेसिंह यादव, सूबेदार हरिराम, रिटायर्ड कैप्टन भागीरथ मल, रिटायर्ड सूबेदार लीलाराम, रिटायर्ड हवलदार मंगतूराम, रिटायर्ड सूबेदार मेजर हरलाल सिंह डांगी, उम्मेद सिंह मान, रिटायर्ड सूबेदार जयसिंह बराला आदि शामिल हुए।

## 75 वर्षीय बुजुर्ग न्याय के लिए कलेक्ट्रेट पर धरना देकर बैठा

**झुंझुनूं,** (निसं)। अपने ही रिश्ते में सगे भतीजे की कूटरचित मंशा के कारण मिले धोखे से पीड़ित 75 वर्षीय एक बुजुर्ग न्याय के लिए कलेक्ट्रेट पर धरना देकर बैठा है। लेकिन उसे अभी न्याय नहीं मिल पाया है।

जानकारी के मुताबिक मंड्रेला निवासी बुजूर्ग बरकत सोलंकी ने बताया परिवार के लालन पालन के लिए सऊदी

■ **भतीजे की कूटरचित मंशा से बेसहारा हो गया बुजुर्ग**

अरब में रहकर मजबूरी करता था। बीस साल पहले उन्होंने अपनी पत्नी के नाम मोहल्ला खोरा में 300 गज का एक प्लॉट खरीदा था। बरकत सोलंकी के संतान नहीं होने से प्लॉट की सार संभाल उसकी पत्नी ही करती थी। कुछ समय बाद पीछे से उसके भतीजे शेर मोहम्मद और बहू ने पेंशन बनाने के बहाने से उसकी पत्नी नाथी से हस्ताक्षर कराकर प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बना लिए। यही नहीं जब उनकी पत्नी का निधन हो गया तो उन्होंने कूटरचित फर्जी दस्तावेजों के सहारे से प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश भी। जब वह प्लॉट पर आया तो उसके भतीजे और बहू परिवार के



मंड्रेला निवासी बरकत सोलंकी एक सप्ताह से कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठा हुआ है।

साथ वहां रहने लगे जब बरकत सोलंकी ने इसका विरोध किया तो उसे बाहर निकाल दिया और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने पर जान से मारने की धमकी।

इस संबंध में बुजूर्ग बरकत सोलंकी ने कोतवाली थाने में मामला भी दर्ज कराया। इसके बाद उन्होंने एसपी कार्यालय का दरवाजा खटखटाया और जिला पुलिस अधीक्षक को आपबीती सुनाई। इसके बाद वह करीब एक सप्ताह से कलेक्ट्रेट के सामने इंसाफ के लिए धरने पर बैठा हुआ है। लेकिन उसकी पुकार कोई नहीं सुन रहा है।